| | |
|---|---|
| दिनांक 09.07.2024 | |
| प्रेस विज्ञप्ति 10/2024 | |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा पुलिस कर्मी के आश्रित परिजन को पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत चेक प्रदान किया गया।

आज दिनॉकः 09.07.2024 को श्री प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मोहम्मद इमामुलहक के शोक संतप्त आश्रित परिजन को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, पुलिस सैलरी पैकेज (PSP) के दावे की धनराशि के रूप में 75 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया।

उक्त मृत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस मोहम्मद इमामुलहक पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से विशेष सुरक्षा ड्यूटी हेतु उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय में कार्यरत थे, जो जनपद गाजीपुर, मोहम्मदाबाद के रहने वाले थे, जिनकी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी।

इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के जनरल मैनेजर, डिप्टी जनरल मैनेजर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।



## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना निवाड़ी

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 08.07.2024 को थाना निवाड़ी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त दीपक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना निवाड़ी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना निवाड़ी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—दीपक निवासी खिंदौडा थाना निवाडी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1—01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस।

2—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

## जनपद जालौन/थाना डकोर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 09.07.2024 को थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बन्धौली नहर पुलिया पर मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो

बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त राहुल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना डकोर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद जालौन के थाना डकोर पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना डकोर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद खीरी/थाना मैलानी

- **10–10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 09.07.2024 को थाना मैलानी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–धर्मेन्द्र कुमार 2–काशीराम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना मैलानी पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मैलानी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम गंगापुर ग्रन्ट नं0 10 थाना मैलानी जनपद खीरी।

2–काशीराम निवासी ग्राम गंगापुर ग्रन्ट नं0 10 थाना मैलानी जनपद खीरी।

**जनपद बदायूं/थाना कुंवरगॉव**

- **पुलिस कार्यवाही में 05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 08.07.2024 की रात्रि थाना कुंवरगॉव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम खासपुर कासिमपुर रोड पर मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, जिसमें एक हेड कान्सटेबिल घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त तकरीम उर्फ बड्डे घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद गोरखपुर से 05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फतेहगढ़, गोरखपुर, शाहजहॉपुर, बदायूं के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कुंवरगॉव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—तकरीम उर्फ बड्डे निवासी ग्राम कादरबाडी थाना कादरचौक जनपद बदायूं।

**बरामदगी**

1—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर)।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद मुरादाबाद/थाना कोतवाली नगर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 लाख 21 हजार 500 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 09.07.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1—ऋषिपाल उर्फ बबलू 2—निखिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 लाख 21 हजार 500 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.06.2024 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त निखिल के विरूद्ध जनपद मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ऋषिपाल उर्फ बबलू निवासी ब्रम्हापुरी जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

2–निखिल निवासी गाडीखाना थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–चोरी के 02 लाख 21 हजार 500 रूपये नगद।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना गुलावठी

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 08/09.07.2024 की रात्रि थाना गुलावठी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नत्थूगढ़ी पुल के पास सिकन्द्राबाद गुलावठी मार्ग पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बिलाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के थाना गुलावठी पर चोरी, धोखाधड़ी, हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

**1**–बिलाल निवासी मोहल्ला पीर खां कस्बा व थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना हरीपर्वत

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनॉकः 08.07.2024 को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गुरूद्वारा फ्लाई ओवर के पास ट्रांसपोर्ट नगर से 02 अभियुक्तों 1–मुस्तकीम उर्फ मटोर 2–आशु को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मुस्तकीम उर्फ मटोर के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर लूट, वाहन चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग व अभियुक्त आशु के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुस्तकीम उर्फ मटोर निवासी वजीरपुरा थाना हरीपर्वत कमिश्नरेट आगरा।

2–आशु निवासी वजीरपुरा थाना हरीपर्वत कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 दो पहिया वाहन आदि।

## कमिश्नेरट गाजियाबाद/क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 20 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **तस्करी में प्रयुक्त 01 कैन्टर वाहन बरामद**

दिनांक 09.07.2024 को क्राइम ब्रान्च गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेरठ रोड मुरादनगर के पास से अभियुक्त संतोष को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 20 किलोग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त 01 कैन्टर वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–संतोष निवासी ग्राम हीरापुर थाना मिरहची जनपद एटा।

**बरामदगी**

1–लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 कुन्तल 20 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–तस्करी में प्रयुक्त 01 कैन्टर वाहन।

## एएनटीएफ थाना सहारनपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 295 ग्राम अवैध स्मैक, 150 ग्राम कट**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 09.07.2024 को एएनटीएफ थाना सहारनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दातागंज–भमौरा रोड जनपद बरेली से अभियुक्त जाहिद उर्फ जाकिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 295 ग्राम अवैध स्मैक, 150 ग्राम कट, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना भमौरा जनपद बरेली में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जाहिद उर्फ जाकिर निवासी ग्राम पढेरा थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–लगभग 60 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 295 ग्राम अवैध स्मैक, 150 ग्राम कट।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

3–01 चार पहिया वाहन।

**जनपद जालौन/थाना रेंढर**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 22 लाख रूपये कीमत के 50 किलो 639 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 बोलेरो वाहन बरामद**

दिनांक 09.07.2024 को थाना रेंढर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लगामपुरा बैरियर के पास से 02 अभियुक्तों 1–रहीस 2–विवेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 22 लाख रूपये कीमत के 50 किलो 639 ग्राम अवैध गांजा, 01 बोलेरो वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना रेंढर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रहीस निवासी परा थाना पलेरा जनपद टीकमगढ़ मध्यप्रदेश, हालपता नौगांव कॉलोनी थाना नौगांव जनपद छतरपुर।

2–विवेक निवासी ग्राम बुजौन्द थाना मोठ जनपद झाँसी, हालपता छनियापुरा थाना कोतवाली जनपद झाँसी।

**बरामदगी**

1–लगभग 22 लाख रूपये कीमत के 50 किलो 639 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 बोलेरो वाहन।

- **जनपद फिरोजाबाद (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 59 लाख 92 हजार रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस ने अभियुक्त सुखवीर उर्फ सुक्खा पुत्र हजारीलाल यादव निवासी ग्राम उसायनी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद, हालपता सिटी सेंटर अपार्टमेन्ट स्टेशन रोड कस्बा व थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 59 लाख 92 हजार रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

-----